**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 06.07.2025**

**विषयः-** **थाना सिगरा पुलिस द्वारा लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0235/2025, धारा- 87 बी0एन0एस0 थाना सिगरा से सम्बन्धित अभियुक्त ललित किशोर पुत्र स्व0 प्रेम सिंह, निवासी भरतपुर, थाना मथुरागेट, राजस्थान उम्र करीब -20 वर्ष को दिनांक 06.07.2025 को अमूल डेयरी रेलवे कालोनी थाना सिगरा कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विरण-** प्रार्थिनी की लिखित तहरीर में बताया गया है कि मेरी लड़की दिनांक 27-6-2025 को सुबह करीब 7.00 बजे घर से निकली और वापस नही आई जिसके सम्बन्ध में मेरे द्वारा थाना सिगरा पर प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराया गया है तथा दिनांक 02/07/2025 को मेरे मोबाइल के Whatapp पर मेरी पुत्री के मोबाइल से Video Call आया था और मेरी पुत्री को दिखाया गया। जिससे मुझे आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पुत्री को बहला फुसला कर ले गया है। उक्त के सम्बन्ध में अभियोग दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरणः-** मु0अ0सं0- 0235/2025, धारा- 87 बी0एन0एस0 थाना सिगरा कमि0 वाराणसी।

**अभियुक्तगण का विवरणः-** ललित किशोर पुत्र स्व0 प्रेम सिंह, निवासी भरतपुर, थाना मथुरागेट, राजस्थान उम्र करीब- 20 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक-** स्थान- अमूल डेयरी रेलवे कालोनी थाना सिगरा कमि0 वाराणसी दिनांक 06.07.2025

**गिरफ्तार करने वाली टीमः -**

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अभय कुमार गुप्ता थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. कां0 आशीष गिरि थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. कां0 विकास कुमार थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**